रोहतक
शनिवार, 6 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 27, अंक : 345
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 11.4
न्यून. 7.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 प्रभु श्रीराम की नगरी को दुनिया से जोड़ने के लिए सरकार कृतसंकल्प : पीएम मोदी



रोहतक
शनिवार, 6 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 27, अंक : 345
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 11.4
न्यून. 7.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






03 कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल











## यमुनानगर, करनाल और सोनीपत में दूसरे दिन भी ईडी के छापे

# इनेलो के पूर्व विधायक के घर से 5 करोड़ और गोल्ड मिला

*दिलबाग के खिलाफ अवैध हथियार रखने का केस 4 से 5 किलो बुलियन भी बरामद किए गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह व उनके करीबियों के घर पर लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी छापेमारी जारी रही। ईडी ने दिलबाग सिंह के घर और अन्य ठिकानों से अब तक 5 करोड़ रुपये कैश, 5 विदेशी गन, 300 जिंदा कारतूस, 100 से ज्यादा शराब की बोतलें, लाखों रुपये के सोने के 3 बिस्किट व कई संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों समेत अन्य सामान बरामद किया है। करीब 4 से 5 किलो बुलियन (सोने व चांदी के विशुद्ध टूकड़े) भी मिले हैं। दिलबाग के खिलाफ अवैध रूप से हथियार रखने का मामला दर्ज कर लिया गया है।



### यमुनानगर में दिलबाग के घर से 5 विदेशी राइफल, 300 कारतूस, सोने के 3 बिस्किट, शराब की 100 बोतलें बरामद








### दिलबाग के इन करीबियों पर कार्रवाई

ईडी ने गुरुवार को यमुनानगर में दिलबाग सिंह के महाराणा प्रताप चौक के पास ऑफिस, सेक्टर-18 में खनन एजेंसी के ऑफिस और कलेसर में फार्म हाउस पर तलाशी ली। उनके करीबियों संजीव गुप्ता, इंद्रपाल सिंह उर्फ बबल के घर, ट्रांसपोर्टर गुरबाज सिंह के ऑफिस पर भी टीमें पहुंची। संजीव गुप्ता खनन और प्लाईवुड कारोबार में दिलबाग सिंह के साथ पार्टनर हैं और इंद्रपाल से रिश्तेदारी है। उनके संतपुरा रोड स्थित घर पर रेड हुई। गुरबाज सिंह पूर्व विधायक के चचेरे भाई हैं। उनके माझा पहलवान ट्रांसपोर्ट ऑफिस पर छापेमारी हुई।

**कुल 20 ठिकाने खंगाले**

ईडी ने गुरुवार को माइनिंग कारोबारियों के 20 ठिकानों पर रेड की थी।ईडी की टीमें गुरुवार की सुबह खनन कारोबार में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल पहुंची थीं।

**सोनीपत-करनाल में भी छापेमारी**

ईडी की शुक्रवार को करनाल में भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी रेड जारी है। टीम ने गुरुवार को उनके सेक्टर 13 स्थित मकान में दस्तावेजों को खंगाला था और सुबह से सेक्टर 32, 33 में उनका जो दूसरा मकान है, वहां रिकॉर्ड को खंगाला। रेड के दौरान क्या मिला इसका खुलासा नहीं किया है। सोनीपत में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के घर ईडी ने लगातार दूसरे दिन छापेमारी की। यहां से क्या बरामद हुआ है। इसका भी खुलासा नहीं किया है।

## सोमालिया में हाईजैक जहाज से नेवी ने सभी को सुरक्षित निकाला

- शिप में मार्कोस कमांडो ने घुसकर 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू को निकाला
- शिप पर समुद्री लुटेरे नहीं मिले
- लाइबेरिया के झंडे वाला जहाज हुआ था हाईजैक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरब सागर में सोमालिया के तट के पास हाईजैक हुए जहाज पर भारतीय नौसेना का ऑपरेशन पूरा हो गया है। 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया है। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज की सर्चिंग की है। समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले हैं। हाईजैक जहाज को छुड़ाने के लिए नौसेना के जहाज आईएनएस चेन्नई को रवाना किया था। मामला 4 जनवरी का है, लेकिन इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। लाइबेरिया के फ्लैग वाले इस जहाज का नाम लीला नोर्फोर्क है। नौसेना ने बताया कि जहाज ने ब्रिटेन के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स पोर्टल पर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा था कि 4 5-6 सुमद्री लुटेरों ने जहाज हाईजैक कर लिया।



### आखिरी बार 30 दिसंबर को संपर्क हुआ

भारतीय नौसेना ने कहा-हाईजैक की सूचना मिलते ही एक मैरिटाइम पैट्रोलिंग एयरक्राफ्ट पी8आई को जहाज की तरफ रवाना किया गया। मर्चेंट वेसल की सुरक्षा के लिए आईएनएस चेन्नई को भी भेजा गया। फिलहाल मामले पर नजर बनाए हुए हैं। मरीन ट्रैफिक के मुताबिक, जहाज ब्राजील के पोर्टो डू एकू से बहरीन के खलीफा बिन सलमान पोर्ट जा रहा था। यह 11 जनवरी को लोकेशन पर पहुंचने वाला था। वहीं, वेसल फाइंडर के मुताबिक, जहाज से आखिरी बार 30 दिसंबर को संपर्क किया गया था।

### ये मामले भी आए

- 14 दिसंबर को समुद्री लुटेरों ने माल्टा का जहाज हाईजैक किया था।
- 19 नवंबर को हूतियों ने भारत आ रहे जहाज को हाईजैक किया था। इस जहाज में 25 भारतीय क्रू मेंबर्स थे।

**गृह मंत्रालय के निर्देश, सरकारी अस्पतालों में हुई थी सप्लाई**

## घटिया दवाओं के मामलों की सीबीआई जांच होगी

**उप राज्यपाल ने की थी सिफारिश**
कुछ दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही थी
**लोगों की जान को हो सकता था खतरा**
आपूर्तिकर्ता की भूमिका की भी होगी जांच

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। सीबीआई यह भी जांच करेगी कि क्या मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से इन दवाओं का वितरण किया गया है नहीं। पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सक्सेना ने कहा कि ये दवाएं कथित तौर पर गुणवत्ता मानक परीक्षण में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे अस्पतालों में लोगों की जान के लिए संभावित खतरा बन सकती थीं। अधिकारियों के अनुसार, जो दवाएं 'घटिया गुणवत्ता' की पाई गईं, उनमें फेफड़े और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक जैसे सेफैलेक्सिन शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

- मंधाना-शेफाली ने 137 रन की पार्टनरशिप की
- टी-20 सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे

**तितास प्लेअर ऑफ द मैच घोषित**

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टी-20 में 9 विकेट से हरा दिया। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया टीम 19.2 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 17.4 ओवर में ही एक विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। इंडिया विमेंस से स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने फिफ्टी लगाई। दोनों ने 137 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप कर टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया। भारत से तितास साधू ने 17 रन देकर 4 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने 33 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए। एलिसा हीली 8 और बेथ मूनी 17 रन बनाकर आउट हुईं। जबकि ताहलिया मैक्ग्रा और एश्ले गार्डनर खाता भी नहीं खोल सकीं।

### अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि रखने का प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके अलावा पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में हवाई अड्डे को एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का भी निर्णय लिया गया। मोदी ने 30 दिसंबर को हवाई अड्डा का उद्घाटन किया था। भाषा

### सीबीएसई ने 10वीं-12वीं बोर्ड की डेटशीट बदली

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने क्लास 10 और 12 के बोर्ड एग्जाम की डेटशीट में बदलाव किया है। 10वीं और 12वीं बोर्ड 15 फरवरी से शुरू होंगे। 10वीं के पेपर 13 मार्च को खत म होंगे और 12वीं के पेपर 2 अप्रैल को खत म होंगे। क्लास 10 और 12 के रिटेल, फ्रेंच और तिब्बतन जैसे पेपर्स की डेट में बदलाव हुआ है। कुछ पेपर्स की डेट आगे बढ़ा दी गई है जबकि कुछ एग्जाम तय डेट से पहले हो जाएंगे। एजेंसी

### डाकघरों की मदद से बदले जा सकते हैं 2000 के नोट

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा है कि चलन से वापस लिए जा चुके 2,000 रुपये के नोट डाकघरों की मदद से भी बदले जा सकते हैं। रिजर्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर 'अक्सर पूछे जाने वाले सवालों' (एफएक्यू) के एक समूह में कहा कि लोग अपने बैंक खाते में राशि प्राप्त करने के लिए किसी भी डाकघर से उसके 19 कार्यालयों में से किसी को भी 2,000 रुपये के नोट भेज सकते हैं। एजेंसी

**प्रोपर्टी आईडी सर्वे में गड़बड़ी, प्रारंभिक जांच में दावा**

## याशी कंपनी पर घोटाले के आरोप सही, जांच के घेरे में 12 आईएएस

**ब्यूरो ने सौंपी रिपोर्ट, 88 निकाय अधिकारियों की भी जांच होगी**

**प्रदेश सरकार कंपनी को पहले ही कर चुकी है ब्लैक लिस्ट**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में घोटाले के याशी कंपनी पर लगे आरोपों को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने अपनी प्रारंभिक जांच में सही मानते हुए लोकायुक्त से विस्तृत जांच की मांग की है। इस मामले में अब 12 आईएएस और 88 निकाय अधिकारियों की भूमिका संदेश के घेरे में आ गई है। अधिकारियों ने बोगस सर्वे के आरोपों के बावजूद कंपनी को 58 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी थी। कंपनी के बोगस सर्वे के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि स्थानीय निकाय अधिकारियों को सर्वे की 10 प्रतिशत फिजिकल जांच करनी थी, लेकिन उन्होंने जांच किए बिना ही कंपनी को राशि जारी कर दी। लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा के आदेश पर की प्राथमिक दर्ज की गई थी। अब जांच में एसीबी ने फर्जीवाड़े के आरोपों को सही पाया है। अब इस मामले की सुनवाई 11 जनवरी को होगी।

### शिकायत के बाद कंपनी ब्लैक लिस्ट

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा को गत वर्ष 19 जुलाई को निकाय मंत्री कमल गुप्ता, 12 आईएएस सहित शहरी निकाय विभाग के 88 अधिकारियों के खिलाफ़ शिकायत देकर याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में घोटाले के आरोप लगाए थे। लोकायुक्त का नोटिस मिलते ही सरकार ने याशी कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करते हुए 8 करोड़ रुपये की बकाया पेमेंट रोक दी थी।

### एसीबी की जांच में खुलासा

टेंडर एग्रीमेंट की शर्त मुताबिक याशी कम्पनी को भुगतान से पहले सर्वे की गई सम्पतियों में से 10 पर्सेंट सम्पत्तियों का फिजिकल वेरिफिकेशन पालिका सचिवों नगर परिषदों के ईओ और नगर निगमों के जिला पालिका आयुक्तों को करना था, लेकिन ग्रह कार्य सही ढंग से नहीं किया गया। इन अधिकारियों ने इस फिजिकल वेरिफिकेशन का रिकॉर्ड भी उचित ढंग से नहीं रखा, जिससे इस पूरे सर्वे कार्य के सही और प्रमाणिक होने का पता चल पाए। इसी के आधार पर साइन ऑफ सर्टिफिकेट्स जारी करके याशी कम्पनी को करोड़ों रुपये की पेमेंट कर दी। इसमें अधिकारियों ने घोर लापरवाही बरती।

### सर्वे में पांच प्रतिशत गलती मान्य

टेंडर एग्रीमेंट अनुसार याशी कम्पनी के प्रॉपर्टी आईडी सर्वे में 5 पर्सेन्ट तक त्रुटियां स्वीकार्य होनी थी, लेकिन फिजिकल वेरिफिकेशन के उपरांत अधिकारियों द्वारा जारी किए गए साईन ऑफ सर्टिफिकेट्स में 5 पर्सेन्ट की निर्धारित सीमा के अंदर त्रुटियों का बताया जाना उचित प्रतीत नहीं होता।

### कंपनी नहीं सौंप रही रिकॉर्ड

इसी प्रकार शहरी निकाय विभाग का नोटिस मिलने के बावजूद भी याशी कम्पनी जानबूझ कर जरूरी रिकॉर्ड नहीं सौंप रही है। बिना पूरा रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए और सम्बन्धित अधिकारियों के ब्यान दर्ज किए बगैर अभी इस मामले में क्रिमिनल पक्ष होने का निष्कर्ष नही निकाला जा सकता। पूरे मामले का खुलासा करने के लिए विस्तृत खुली जांच शुरू करने की जरूरत है।

## नीलम का इनकार, बाकी 5 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा

**नई दिल्ली(भाषा)।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले 6 आरोपियों में से 5 का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। 2 आरोपियों मनोरंजन और सागर ने नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए कोर्ट में सहमति दी है। बाकी तीन आरोपित अमोल, ललित और महेश भी पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए तैयार हो गए। छठवीं आरोपित और संसद के बाहर नारे लगाने वाली नीलम आजाद ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से मना कर दिया। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। एडिशनल जज हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की मांग पर आरोपितों की पुलिस हिरासत को 13 जनवरी तक बढ़ा दिया है।



संसद की सुरक्षा में सेंध का मामला

## आप ने मालीवाल को रास के लिए बनाया प्रत्याशी

**नई दिल्ली (भाषा)।** हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की राज्यसभा से छुट्टी कर दी है। पार्टी ने उन्हें दूसरे टर्म के लिए नॉमिनेट नहीं किया। उनकी जगह डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष रही स्वाति मालीवाल को पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके बाद स्वाती ने डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इस पर सुशील गुप्ता ने कहा है कि उन्होंने यह पद इसलिए छोड़ा है कि अब वह हरियाणा पर फोकस करेंगे। पार्टी की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे वह पूरा करेंगे। वहीं संजय सिंह व एन.डी. गुप्ता को पुनः नामित किया है।



संजय सिंह, एनडी गुप्ता को पुन: नामित किया

## महेंद्र सिंह धोनी से 16 करोड़ की धोखाधड़ी

**रांची (भाषा)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने दो पूर्व व्यावसायिक साझेदारों के खिलाफ यह दावा करते हुए आपराधिक मामला दायर किया है कि उन्होंने क्रिकेट अकादमी स्थापित करने से संबंधित अनुबंध का पालन नहीं कर उन्हें 16 करोड़ रुपये की चपत लगाई है। यह जानकारी धोनी के वकील ने दी। यह मामला खेल प्रबंधन कंपनी आरका स्पोर्ट्स के दो निदेशकों के खिलाफ एक निचली अदालत में दायर किया गया है। पटना की एक लॉ फर्म विधि एसोसिएट्स से धोनी के अधिवक्ता दयानंद सिंह ने यह जानकारी दी है।



कंपनी ने धोनी के नाम पर एकेडमी खोली थी

**उपलब्धि** इसरो ने उच्च कुशलता और कम लागत वाली बैट्री का परीक्षण किया

*इस फ्यूल सेल से 180 वॉट बिजली पैदा हुई खुलेंगे कई रास्ते*

## अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा कार व बाइक को ऊर्जा देने में भी सक्षम

**बेंगलुरु (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि उसने पारंपरिक बैटरी सेल की तुलना में अधिक कुशल और कम लागत वाले नए प्रकार के फ्यूल सेल का सफल परीक्षण किया है। उसने '10 एएच सिलिकॉन-ग्रेफाइट-एनोड' पर आधारित उच्च ऊर्जा घनत्व वाले ली-आयन सेल को वर्तमान में उपयोग किए जा रहे पारंपरिक सेल की तुलना में कम वजन और कम लागत वाले विकल्प के रूप में तैयार किया है। यह तकनीक इसरो के फ्यूचर मिशन और डाटा इकट्ठा करने के लिहाज से बेहद अहम है। इससे अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा। इस फ्यूल सेल को स्पेस स्टेशन के लिए बनाया गया है। यह तकनीक कार और बाइक को ऊर्जा देने में भी सक्षम है।

### यह होगा फायदा

स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में मौजूद ऐसी प्रयोगशाला है जहां इंसान रहते हैं। इंसान को अंतरिक्ष में रहने के लिए बिजली के साथ ही पानी की भी जरूरत होती है। इसरो का नया फ्यूल सेल दोनों जरूरतों को पूरा करेगा। यह स्पेस स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए बिजली पैदा करेगा। इसके साथ ही इससे पानी भी निकलेगा जो इतना साफ होगा की अंतरिक्ष यात्रियों के काम आएगा।



### टेस्ट के दो मकसद

**पहला** : स्पेस में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन फ्यूल सेल ऑपरेशन का आकलन करना।

**दूसरा** : फ्यूचर मिशन्स के सिस्टम को डिजाइन करने के लिए डेटा कलेक्ट करना।

### फ्यूल सेल से पैदा हुई बिजली

1 जनवरी को इसरो ने रॉकेट लॉन्च किया था। यह 4 स्टेज वाला रॉकेट है। इसमें कुल 10 पेलोड लगे हैं। इसी में से एक पेलोड 100 वॉट क्लास पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन फ्यूल सेल आधारित पावर सिस्टम था। इसी फ्यूल सेल की टेस्टिंग इसरो ने की। टेस्ट के दौरान फ्यूल सेल के हाई प्रेशर वेसल्स में स्टोर की गई हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसों से 180 वॉट बिजली पैदा हुई।

# कोहली-जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां एकदिवसीय शतक भी शामिल है। जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट चटकाए थे।

■ साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के लिए अश्विन की चुनौती



# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाक 9 जून को न्यूयॉर्क में आमने-सामने

## अमेरिका-कनाडा में ओपनिंग मैच, बारबाडोस में फाइनल

टी-20 वर्ल्ड कप की एक जून से होगी शुरूआत

दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता नौ जून को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप ए मैच में देखने को मिलेगी, जिसमें दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क में एक दूसरे के सामने होंगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी हुआ जिसमें भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। पाकिस्तान से खेलने के बाद भारत 12 जून को न्यूयॉर्क में सह मेजबान अमेरिका से भिड़ेगा और फिर कनाडा के खिलाफ 15 जून को अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलने के लिए फ्लोरिडा रवाना होगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। इसमें 20 टीम खेलेंगी जिन्हें पांच पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। इससे यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप बन गया है। आस्ट्रेलिया में 2022 में हुए पिछले चरण 16 टीम ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट की शुरुआत एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से होगी। सेमीफाइनल 26 जून को गुयाना और 27 जून को त्रिनिदाद में होंगे जबकि फाइनल मैच बारबाडोस में 29 जून को खेला जायेगा। इंग्लैंड मौजूदा चैम्पियन है जिसने नवंबर 2022 में मेलबर्न में पाक को हराकर खिताब जीता था। ग्रुप चरण के मैच एक से 18 जून तक जबकि सुपर 8 मैच 19 से 24 जून तक खेले जायेंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सुपर 8 में जगह बनायेंगी।



### ये ग्रुप

▶▶ ग्रुप एः भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका।
▶▶ ग्रुप बीः इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान।
▶▶ ग्रुप सीः न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी।
▶▶ ग्रुप डीः दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।


# पारदर्शी सुशासन, प्रभावशाली कदम

# 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के जन-कल्याणकारी कार्यों की सूची (1-12-2023 से 31-12-2023 तक)

हरियाणा सरकार

| Sr. No. | Department Name | Work Name | Tender Allotted Cost (Rs.in Crore) | Date of Award of Work | Date of Start of Work | Likely Date of Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran | 'Dnit for shifting/conversion of part section of 66KV D/C Badshahpur sector- 15 line between TL No. 14 to 18A (being mid span tower) from overhead to underground passing through the land of HSVP school site in sector – 47 Gurugram as a deposit work of HSVP/HUDA under self execution scheme. | 8.57 | 29-12-2023 | 30-12-2023 | 27-06-2024 |
| 2 | | Construction of roads, parkings and pavements of Shopping Centre in Sector-25 (Part-II), U/E, Panipat `Earth work in embankment, providing and laying of 80mm / 60mm thick C.C. paver blocks on parkings / pavements over 225mm thick WMM over 200mm thick G.S.B., complete in all respect and all other works contingent thereto` (Including 3 years mtc. and defect liability period free of cost). | 5.59 | 12-12-2023 | 13-12-2023 | 12-12-2024 |
| 3 | | Providing Electrification and Street Light in Sector-75 Faridabad `Supply and Erection of PCC pole, ACSR conductor, 300sqmm x 3 core TR-XLPE Cable, 400KVA transformer and Street lights and all other works contingent thereto.` (Including defect liability 6 Year for transformer and 3 year defect liability, Mtc. of all electrical items, ON/OFF, watch and ward free of cost) | 5.25 | 19-12-2023 | 20-12-2023 | 17-07-2024 |
| 4 | | Providing Electrification and Street Light in Sector-80 Faridabad `Supply and Erection of PCC pole, ACSR conductor, 400sqmm x 3 core TR-XLPE Cable, 400KVA transformer and Street lights and all other works contingent thereto.` (Including defect liability 6 Year for transformer and 3 year defect liability, Mtc. of all electrical items, ON/OFF, watch and ward free of cost). | 9.60 | 20-12-2023 | 21-12-2023 | 18-07-2024 |
| 5 | HSIIDC | UPGRADATION OF ROADS IN SECTOR - 1, 2 and 3 AT HSIIDC, IGC, SAHA | 11.38 | 21-12-2023 | 28-12-2023 | 27-12-2024 |
| 6 | | Up-gradation of roads in Industrial Estate, Rohtak | 5.99 | 05-12-2023 | 06-12-2023 | 03-06-2024 |
| 7 | | Providing infrastructure facilities for R and R pockets at Industrial Estate, Phase-II, Barwala, Distt. Panchkula including Defect Liability Period of Three Years. | 8.85 | 27-12-2023 | 28-12-2023 | 30-03-2025 |
| 8 | Irrigation & Water Resources Department | Laying DI pipe line for filling village ponds of various villages of Nizampur Block for recharging the ground water from the tail of Hassanpur Disty | 12.38 | 18-12-2023 | 19-12-2023 | 18-12-2024 |
| 9 | | Estimate for remodelling of bhainswal disty.from RD 0 to 76650(tail) offtakes RD 142250/R delhi branch (For Structure work) | 10.68 | 14-12-2023 | 21-12-2023 | 15-11-2024 |
| 10 | | Rehabilitation of Jakholi Disty. from RD 0 to 64000 including repair/construction of intervening structures. | 11.93 | 22-12-2023 | 23-12-2023 | 22-12-2024 |
| 11 | | Construction of surface reservoir for storage of rain/execess water for recharging of underground water and other multipurpose use in Main Drain No. 2 by bringing to desing section in required stretch and construction of 1 Number barrage-cum-Stop Regulator at RD 98200 of Main Drain No. 2 (Phase-I) in Distt. Panipat. | 7.25 | 20-12-2023 | 27-12-2023 | 26-12-2024 |
| 12 | | Rehabilitation of Urlana Minor from RD. 0-47450 including repairing of intervening structures | 5.29 | 21-12-2023 | 28-12-2023 | 27-12-2024 |
| 13 | | Laying of DI pipeline for filling of village ponds of various villages of Nizampur Block for recharging the ground water table from the tail of Dancholi Minor | 17.45 | 07-12-2023 | 08-12-2023 | 07-12-2024 |
| 14 | | construction of retaining wall at RD 294000 to 297500 left of CLC and RD 46030 to 48000 right of delhi sub branch | 5.84 | 07-12-2023 | 10-12-2023 | 07-07-2024 |
| 15 | | Remodeling of Lukhi Minor from RD 0 to 43500 | 5.13 | 08-12-2023 | 09-12-2023 | 08-12-2024 |
| 16 | | Estimate for laying HDPE pipeline from abadi area and low lying catchment area of 8 nos of village i.e. Kungar, Jatai, Dhanana, Badeshra, Siwara, Prem nagar, Ghuskani, Dhani sukhan outfall at various channels and drains. | 12.02 | 15-12-2023 | 16-12-2023 | 18-06-2025 |
| 17 | | Laying pressurized pipeline for connecting various ponds in village Duloth including the construction of Pump House, Pumping Machinery and other allied works including running and maintenance for three years | 8.16 | 28-12-2023 | 29-12-2023 | 24-09-2024 |
| 18 | | Rehabilitation of Pataudi Disty from Km 0.00 to 22.600 including reconstruction of Bridges(09 | 8.53 | 19-12-2023 | 20-12-2023 | 14-11-2024 |
| 19 | Municipal Corporation/Urban Local Bodies | 'ESTIMATE FOR PROVIDING AND LAYING SEWERAGE SYSTEM IN VILLAGE DHANKOT, NEWLY EXTENDED AREA, ZONE NO.-01, GURUGRAM ,UNDER MCG AREA | 8.01 | 07-12-2023 | 22-12-2023 | 28-08-2024 |
| 20 | Public Health Engineering Department | Rajound - DPR for Augmentation and Upgradation of Water Supply Scheme `Construction of New Water Works, RCC Inlet Channel 700mm i/d, Brick Masonry 2 Nos SS Tanks, Pumping Machinery for New Water Works, DG Sets, Boundary Wall for New Water Works, Pump Chamber, DI Pipe and Specials for Head Works, Plateform for DG Sets, Sump Wells, Clear Water Tanks, Construction of Proposed WTP 4.50 MLD and Construction of Boosting Stations, Pump Chamber for Boosting Stations (10`x12`), Pumping Machiner for Boosting Stations, Repair of Sump Well at Proposed Boosting Station, Clear Water Tanks, CC Road for Boosting Stations, in Rajound Town and all other works contingent there to` | 9.60 | 04-12-2023 | 11-12-2023 | 12-06-2025 |
| 21 | | Bhagal :- DPR for Construction of Sewage Treatment Plant in VIllage Bhagal District Kaithal of Haryana State Financed by NABARD `Construction of MPS and 2.50 MLD Sewerage Treatment Plant, Laying of Rising Main 500mm RCC NP3 Sewer Line, Construction of Platefrom for installation of Transformer, Construction of Brick Masonry Boundary Wall for STP, Construction of 2 Nos Staff Quaters at MPS and STP, Construction of Concrete Road/ Pathways for MPS and STP, Construction of Brick Masonry/ RCC Pillars for Gravity Main, Construction of IPS Opposite Dharamshala on Bhabsra Road and Near Animal Hospital, Construction of Brick Masonry Boundary Wall for IPS-I and IPS-II and Including OandM for 5 Years in Village Bhagal and all other works contingent there to` | 9.03 | 04-12-2023 | 11-12-2023 | 22-08-2024 |
| 22 | | PROVIDING CURED IN PLACE PIPE (CIPP) TECHNOLOGY OF EXISTING SEWER LINE OF 750 MM (30") FROM HOSPITAL CHOWK TO POST OFFICE IN KARNAL TOWN AND ALL OTHER WORKS CONTINGENT THERETO | 6.42 | 15-12-2023 | 19-12-2023 | 15-08-2024 |
| 23 | | CHARKHI: AUGMENTATION OF WATER SUPPLY SCHEME OF VILLAGECHARKHI BY RENOVATION OF EXISTING STRUCTURES, CONSTRUCTION OF 1B/STATIONS, LAYING THE DI PIPE LINES,DISTRICT CHARKHI DADRI (UNDER CMANNOUNCEMENT) Construction of Raw water pumping station, laying the Rising main line, construction of RCC SandS tanks, filter bed, clear water tank, repair of existing structures and all other works contingent thereto. OandM for 5 years after defect liability period of 1 year and trial run of 3 months complete in all respect. | 7.60 | 06-12-2023 | 13-12-2023 | 07-12-2024 |
| 24 | | Ratia Town - Providing Independent Canal Based Water Works At Ratia Tow Distt Fatehabad | 46.90 | 04-12-2023 | 14-12-2023 | 18-12-2026 |

संवाद विज्ञा. सं.-1089/13/1503/2024/23992/88/6 दि. 05.01.24

## चिंतन

# समुद्र में सुरक्षा चुनौतियों से पार पाना ही होगा

समंदर में सुरक्षा की नई चुनौतियां भारत के सामने उभरी हैं। अभी तक हिंद व प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत को चीनी बाधाओं से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भी भारत को अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अब अरब सागर में सोमालिया के पास भारतीय जहाज को हाईजैक कर लिया गया है। समुद्री लुटेरे ने इसे अंजाम दिया है। अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह काम सोमालियाई समुद्री लुटेरे की बजाय लाइबेरिया के प्रतिबंधित आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का लगता है। अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय मालवाहक जहाज पर अरब सागर में ड्रोन से हमला किया गया था। उसमें भी हुती का नाम आया था। 19 नवंबर को भी हुती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इजराइल व हमास के बीच जारी जंग के बाद से भारत हुती के निशाने पर है। भारत बेशक समुद्र में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, लेकिन नए खतरों से मजबूती से निपटना जरूरी है। समुद्र में भारतीय जहाजों को महफूज रखना आवश्यक है। भारत उभरती हुई आर्थिक व सामरिक ताकत है, भारत का 70 फीसदी से अधिक कारोबार समुद्री रास्तों से होता है। तेल का आयात व निर्यात भी भारत समुद्री रास्तों से करता है। इसके अलावा कई देशों को दवा व अनाज की सहायता भी भारत समंदर से ही भेजता है। इसलिए मुट्ठी भर आतंकी ताकतों की ओर से उत्पन्न किए जा रहे खतरों से कड़ाई से निपटना होगा। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 1990 में सोमालिया में शुरू सिविल वार के बाद से लोग समुद्री लुटेरे बने हुए हैं। समुद्री सुरक्षा से जुड़ी भारत की एजेंसियां, आतंकवाद के ख़तरे पर बहुत ज़्यादा ज़ोर देती हैं। इसके चलते वो इंसानों की तस्करी, अवैध रूप से मछली मारने, जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए संकटों, लूट, डकैती और समुद्री प्रदूषण जैसी ग़ैर पारंपरिक चुनौतियों पर बहुत कम ज़ोर देती हैं। समुद्री सुरक्षा की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण, आर्थिक विकास और मानव सुरक्षा सहित समुद्री क्षेत्र के मुद्दों को समाहित करता है। समुद्र में लूट, डकैती, फिरौती, आतंकी हमले, हाईजैक, पर्यावरण को नुकसान, मानव तस्करी आदि के रूप में खतरे विद्यमान हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, समुद्री क्षेत्र में भौतिक खतरों के स्थान पर तकनीकी खतरों ने भी ले लिया है। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, हमारी तटरेखा 7,000 किमी. से अधिक है। वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रिस्तरीय संरचना द्वारा नियंत्रित है। भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करना अनिवार्य है। राज्य तटीय/समुद्री पुलिस उथले तटीय क्षेत्रों में गश्त करती है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि), 1982 के अनुसार, सभी देशों के अधिकारों का सम्मान करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। भारत को समुद्री बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना होगा। चीन समेत तमाम बाधाओं से पार पाना होगा। ग्लोबल साउथ में भारत को एक नौसैन्य ताकत बनना होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार

**भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस साल ईकॉमर्स तेजी से बढ़ेगा।**

यकीनन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदी और ई-कॉमर्स में वृद्धि के मद्देनजर भारत सबसे आगे है। कोई दो-ढ़ाई दशक पहले भारत में जो ऑनलाइन खरीदी उच्च वर्ग तक सीमित थी, आज उससे आम आदमी भी लाभांवित हो रहा है। ऑनलाइन उत्पादों के कैटलॉग चेक करके मन पसंद वस्तुओं की एक क्लिक पर वापसी की सुविधा के साथ घर के दरवाजे पर डिलिवरी का चमकीला लाभप्रद बाजार ई-कॉमर्स की देन है। अब नए वर्ष 2024 में केंद्र सरकार भारत में ई-कॉमर्स बाजार के करोड़ों ग्राहकों के अधिक उपभोक्ता हितों का ध्यान रखते हुए ई-कॉमर्स को बढ़ाते हुए दिखाई देगी।

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यद्यपि ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह देश के कुल बाजार का 5-6 फीसदी ही है। अभी भी देश का 94-95 फीसदी बाजार ऑफलाइन ही है, जबकि अमेरिका में 23-24 फीसदी और चीन में करीब 35 फीसदी से अधिक ऑनलाइन कारोबार है। इससे देश में ई-कॉमर्स के बढ़ने की बड़े स्तर पर संभावनाएँ हैं।

अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लिए दो अहम निर्णयों से ई कॉमर्स को रफ्तार मिलेगी। इन निर्णयों में एक निर्णय निर्यात को बढ़ाने वाली निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीआईपी) का फायदा ई-कॉमर्स निर्यातक इकाइयों को भी मिलेगा। इसके तहत निर्यातकों को लागत पर आने वाले गैर क्रेडिट योग्य केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क वापस लिए जाते हैं। सरकार का दूसरा बड़ा निर्णय यह है कि वह देश में ई-कॉमर्स की भारी देश के करोडों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं देश के उद्योग-कारोबार से संबंधित विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय हेतु व्यापक विचार-विमर्श से ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र ही मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से निर्मित हुई ऑनलाइन खरीदारी देश के कोने-कोने में करोड़ों उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार का अभिन्न अंग बन गई है। देश में डिजिटलीकरण, स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुँच, कम डेटा कीमतें, ऑनलाइन बुनियादी ढांचे की तेज वृद्धि,लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति डिजिटल भुगतान, हाइपर-लोकल लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार से संबंधित ग्राहक जुड़ाव, डिजिटल विज्ञापन,सरकार के द्वारा



संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया का युक्तिकरण, डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुले नेटवर्क की स्थापना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनोवेशन फंड जैसे कार्यक्रमों से भी ई-कॉमर्स तेजी से विस्तारित हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजरों की संख्या 2022 में करीब 75.9 करोड़ थी, जो 2025 तक करीब 90 करोड़ होने का अनुमान है। इंटरनेट का उपयोग शहरों से ज्यादा गांवों में होने लगा है। वर्ष 2022 में भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन्न कुछ न कुछ खरीदा है। ई-कॉमर्स ने भारत में व्यापार और उपभोग का मिजाज बदला दिया है। बड़े शहरों की तुलना में टियर-2 व टियर-3 मझौले व छोटे शहरों में ई-कॉमर्स अधिक बढ़ा है। ई-कॉमर्स से होने वाले कुल कारोबार में टियर-1 (बड़े शहर) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 44.3 प्रतिशत रही। टियर-2 शहरों में यह हिस्सेदारी 37.1 प्रतिशत तो टियर-3 में 18.6 प्रतिशत की रही। किराना बाजार को छोड़ दिया जाए तो अन्य प्रकार की वस्तुओं की करीब 25 प्रतिशत बिक्री अब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा घरों की सजावट, हेल्थ व फार्मा जैसे सेक्टर में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से अधिक खरीदारी हो रही है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एफएमसीजी, कृषि, फैशन व गारमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है।

जिस तरह देश में घरेलू स्तर पर ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह भारत का ई-कॉमर्स निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगले 6 से 7 साल में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात बढ़कर 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो अभी करीब महज 1.2 अरब डॉलर है। डीजीएफटी ने ई-कॉमर्स निर्यात आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सेवा प्लेटफॉर्म प्रदाता, अंतरराष्ट्रीय भुगतान व्यवस्था नियामक एजेंसियां जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राजस्व विभाग के बीच अच्छे समन्वय और तालमेल का काम किया है, उससे ई-कॉमर्स निर्यात तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच साल में ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स में करीब 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। ई-कॉमर्स में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मॉडल में स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई की सीमा को 100 फीसदीकी अनुमति है। बिजनेस टू बिजनेस (बी-2 बी) ई-कॉमर्स तथा खाद्य खुदरा कंपनियों के द्वारा सरकारी अनुमित मार्ग के तहत भी 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति हैं। ई-कॉमर्स वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साधन प्रदान करके भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सीधे लाभान्वित कर रहा है। ऐसे में भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर बढ़ रहा है।

सरकार करोड़ों ई-कॉमर्स उपभोक्ताओं और ई-कॉमर्स कंपनियों और देश के उद्योग-कारोबार के बीच समन्वय स्थापित करने के मद्देनजर नई ई-कॉमर्स नीति को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देगी। नई ई-कॉमर्स नीति के तहत सरकार का दायित्व है कि ई-कॉमर्स से देश की विकास आकांक्षाएं पूरी हों तथा बाजार भी विफलता और विसंगति से बचा रहे। नई ई-कॉमर्स नीति में ई-कॉमर्स बाजार में उपभोक्ताओं के हितों और उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए भी प्रभावी पहल सुनिश्चित करनी होगी। मजबूत कानूनी ढांचे व उपभोक्ता संरक्षण उपायों को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार द्वारा नई ई-कॉमर्स नीति के तहत ऐसी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा जिन्होंने भारत को अपने उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार का प्रवेश!

भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चौतरफा घिर गए हैं। अब नए मुसिबत उनके गले पड़ गई है। 'मोहल्ला क्लीनिक' योजना पर लगे फर्जीवाडे. के आरोप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार वाली छवि पर एक बार फिर बड़ा प्रहार कर दिया है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी ऐसी योजना है जिसे उन्होंने अभी तक अपने चुनाव जीत वाले मंत्र के तौर पर इस्तेमाल किया है। मोहल्ला क्लीनिक उनका बड़ा 'वोटबैंक' साबित हुई है। इसलिए अन्य योजनाओं के मुकाबले उनकी ये सबसे अग्रणी योजना रही है। इसे उन्होंने चुनावी 'मॉडल' के रूप में प्रचारित किया और उसका नाम लेकर ही उन्होंने लोगों से वोट भी मांगा, लेकिन अब इसमें भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक के लिए करीब एक तिहाई बजट अलग आवंटित रखा। पर, इस भारी भरकम रकम पर ऐसा बंदरबांट होगा, जिसकी शायद दिल्ली वासियों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी।

गौरतलब है, अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में टैक्स देने वालों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन उन्हें क्या पता उनके टैक्स के पैसों पर यूं डाका डाला जाएगा। आरोप निश्चित रूप से बेहद गंभीर हैं। हालांकि, मोहल्ला क्लीनिक में गड़बड़झाला है इस बात की भनक खुद केजरीवाल हो चुकी थी, तभी उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में ही इसकी जांच करवाने के आदेश दे दिए थे। जांच में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में जमकर फर्जीवाड़ा पाया। ये रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें न देकर सीधे उप-राज्यपाल को थमा दी। एलजी के हाथ में पहुंचने के मतलब है कि सीधे बिना घी-तेल डाले 'आग' लग जाना। हुआ भी कमोबेश वैसा ही? केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंत्रणा करने के बाद एलजी ने बिना देर किए तुरंत सीबीआई से जांच करवाने की सिफारिश कर दी। जांच की परतें जब एक-एक करके खुलेंगी, तो कई बेनकाब होंगे। हालांकि, मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पल्ला झाल लिया है, पर इतनी आसानी से वह भी नहीं बच पाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार एक्सपेज होने के बाद दिल्ली के लोग बस यही कह रहे हैं कि जब आरोप साबित हो जाएं, तो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर ऐसी कठोर सजा मुकर्रर की जाए, जो सभी के लिए नजीर साबित हो।

चुनावी फायदे के तौर पर देखें तो 'आम आदमी पार्टी' ने 'मोहल्ला क्लीनिक' को कभी योजना नहीं माना, उन्होंने हमेशा चुनावी 'मॉडल' के रूप में इसे प्रस्तुत किया, ये योजना उनके लिए अप्रत्याशित 'वोटबैंक' ही रही जिसके जरिए ही आम आदमी पार्टी ने कई चुनावों में अपनी गंगा पार करी। पर, अब ये चुनावी नौका समुद्र के बीच मझधार में फंसती दिखने लगी है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार के ये आरोप आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर गहरा चोट मारेंगे। भाजपा के अलावा कांग्रेस भी हमलावर हो जाएगी। 'इंडिया गठबंधन' को भी तगड़ा धक्का लग सकता है। विरोधी दल जानते हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक येजना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक रही है। जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मतलब है विपक्ष को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा हाथ लगना। भाजपा अब केजरीवाल की रही-सही इमेज को डेमेज करने में शायद ही कोई कसर छोड़े। आरोप लगने के बाद दिल्ली में भाजपा की समूची टीम आप पर हमलावर हो गई है। चुनाव के ऐन वक्त लगा ये झटका केजरी को जल्द उबरने न दे। महोल्ला क्लीनिक पर भ्रष्टाचार का जो आरोप लगा है, उसकी पृष्टभूमि को गौर करें तो दिल्ली विजिलेंस डिपार्टमेंट ने जब अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल की और निरीक्षण के लिए राजधानी में बने मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे, तो किसी भी क्लीनिक में उन्हें कोई डॉक्टर इलाज करता नहीं मिला। जो मिले, वो चिकित्सक नहीं, बल्कि चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ के लोग थे। कई जगहों पर तो अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिखते दिखाई दिए। जब उनसे पूछा गया कि आप चिकित्सक हो, तो वो भाग खड़े हुए। दरअसल, ये सब दिल्ली सरकार के नाक के नीचे हुआ। गडबड़झाले की खबर जानते हुए भी दिल्ली सरकार अंजान बनी रही। जबकि, इस योजना के शुरूआती दिनों को याद करें, तो एक सुखद तस्वीर आंखों के सामने उभरती है। तब, दिल्ली के लोग वास्तव में इन क्लीनिक में जाया करते थे। हल्की-फुल्की सभी बीमारी की दवाइयों के लिए लोग पहुंचते थे। अब स्थिति बदल चुकी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
दर्शन

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा: तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोला: बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
प्रेरणा

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उद्योग जगत पर राजनीति न हो

हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें अदाणी समूह को राहत मिली है। अब इस मामले पर भी कुछ लोग यह कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के हाथ की कठपुतली है, लेकिन कुछ भी हो, सुप्रीम कोर्ट या अन्य सभी संस्थाओं को बिना किसी दबाव के ही फैसले लेने चाहिए। अमरीका की सट्टेबाज कंपनी हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर हेराफेरी के जो आरोप लगाए हैं, उसने बैकों और अन्य संस्थाओं को कटघरे में बेशक खड़ा कर दिया है, लेकिन यह ग्रुप देश का बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसकी वजह से लाखों-करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है।

-महेश चौबे, महासमुंद

## करंट अफेयर

### विवादित समुद्री सीमा पर उ. कोरिया का सैन्य अभ्यास

दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्रवाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दक्षिण कोरियाई द्वीप येओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो। किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है।



## ऑफ बीट

### मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है

जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।



## ट्रेंड

### दिल को छू लेने वाला

भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### दोस्ती बहुत पुरानी

मेरी और मनीष की दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मज़बूत है। जनता के लिए काम करने का ये जुनून भी बहुत पुराना है। साज़िश रचने वाले लाख कोशिश कर लें.. ये भरोसा, ये स्नेह और ये दोस्ती कभी नहीं टूटेगी।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



### शोभा नहीं देता

क्या मंत्री गिरराज सिंह देवेंद्र तिवारी जी के ईमेल का ज़िक्र कर रहे थे? गिरराज सिंह आप ज़िम्मेदार पद पर हैं ऐंसी बातें करना आप को शोभा नहीं देता। मैं उत्तर प्रदेश की पुलिस को बधाई देता हैं जिन्होनें देवेंद्र तिवारी को पकड़ लिया।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता



### चीन से आगे

सड़कों के मामले में हम चीन से आगे हैं। अधिक दिलचस्प बात यह है कि हम अमेरिका से कुछ दूरी पर हैं। मुझे यकीन है नितिन गडकारी आज से कुछ ही समय बाद अमेरिका से आगे निकलने का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारतीय सेना 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति का प्रतीक : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सिख रेजीमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्य कला का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री योगी ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने सेना के अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है।



योगी ने की तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' समारोह की शुरुआत की

## बजट में चार 'जातियों' पर रहेगी सरकार की 'नजर'

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आगामी आम बजट में केंद्र सरकार का फोकस 4 'जातियों' पर हो सकता है। बताया जा रहा है कि बजट से पहले और बजट के दौरान गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए सरकार खास ऐलान कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करने वाली हैं, जिसमें उम्मीद की जी रही है कि ज्ञान थीम पर सरकार कर नई घोषणाएं करेगी। यहां 'ज्ञान' का मतलब जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी है। महिलाओं के लिए लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र सरकार और नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

# मोदी जयपुर पहुंचे, 35 साल के बाद भाजपा दफ्तर पहुंचे, विधायकों व पदाधिकारियों संग बैठक करेंगे

एजेंसी ▶▶ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शुक्रवार शाम जयपुर पहुंचे। पीएम मोदी विशेष विमान से जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की। हवाई अड्डे से मोदी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। तय कार्यक्रम के अनुसार मोदी भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधायकों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी करीब 35 साल के बाद जयपुर के भाजपा दफ्तर में पहुंचे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी दफ्तर में विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की। 2024 के रोड मैप को लेकर पीएम मोदी पार्टी नेताओं से चर्चा की।



### डीजीपी और आईजीपी सम्मेलन में लेंगे भाग

मोदी शनिवार को यहां पुलिस महानिदेशक महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी 6 से 7 को जयपुर के राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित पुलिस महानिदेशकों महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

## प्रभु श्री राम की नगरी को दुनियाभर से जोड़ने के लिए कृतसंकल्प है सरकारः प्रधानमंत्री मोदी

मोदी ने 30 दिसंबर को हवाई अड्डा का उद्घाटन किया था

**नई दिल्ली(भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से अयोध्या हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर कहा कि उनकी सरकार इस पावन नगरी को दुनियाभर से जोड़ने के लिए कृतसंकल्प है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या को दुनियाभर से जोड़ने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में यहां के हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के साथ ही इसका नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का भी निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को हवाई अड्डा का उद्घाटन किया था।

# डीजी और आईजी सम्मेलन आज से शाह लेंगे भाग



**जयपुर (एजेंसी)।** देश में आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा के लिए सभी राज्यों के डीजी और आईजी की कॉन्फ्रेंस आज से जयपुर में शुरू हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह और एनएसए डायरेक्टर अजीत डोभाल तीन दिन की इस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने जयपुर पहुंच चुके हैं। तीन दिन चलने वाली कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्रालय की ओर से डीजीपी राजस्थान के साथ ही सभी राज्यों के डीजी आमंत्रित किए गए हैं। डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान सामरिक सूचना, इंटेलीजेंस, बॉर्डर सिक्योरिटी, बॉर्डर पर लगने वाली लेजर वॉल, फोर्स के लिए हथियार और अपडेटेड हथियारों पर चर्चा की जाएगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज करेंगे शिलान्यास



▪ शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा गुरुकुल ज्वालापुर : स्वामी रामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी कौ जयन्ती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार विश्व के श्रेष्ठतम तथा विशालतम गुरुकुल "पतंजलि गुरुकुलम" का शिलान्यास करने जा रहा है। इसकी सूचना प्रेसवार्ता के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज ने दी। उन्होंने कहा कि स्वामी दर्शनानन्द जी द्वारा 8 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रह्मचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा। स्वामी जी ने कहा कि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा। गुरुकुल का शिलान्यास रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे तथा इस भव्य कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी आचार्य महामण्डलेश्वर व संत उपस्थित रहेंगे।

## राशन घोटाले में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर रेड डालने पहुंचे थे

# पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम हमला, अफसरों के सिर फोड़े

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को हमला कर दिया और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की। अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के संबंध में शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं और शेख का आवास उनमें से एक है। अधिकारी ने बताया कि जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टीम को वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया। शाहजहां को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है। ज्योतिप्रिय मल्लिक को करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि इस तरह का हमला अप्रत्याशित है।

## 200 लोगों ने की वारदात, सीआरपीएफ को खदेड़ा



### वाहनों में तोड़फोड़

ईडी की टीम पर तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास के पास हमले के दौरान भीड़ ने सरकारी अधिकारियों के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। हमले के बाद अधिकारियों को भागना पड़ा। इस दौरान भीड़ ने मीडिया कर्मियों को भी निशाना बनाया। उनके फोन छीन लिए गए। इस घटना में कई ईडी अधिकारी जख्मी हो गए। कईयों के सिर फट गए हैं। घायलों को भर्ती कराया गया है।

### हमले की जांच एनआईए से कराने की मांग, राज्यपाल ने जताई चिंता

पश्चिम बंगाल के संदेशखली में ईडी की एक टीम पर हमला किया गया। इस मामले को लेकर अब एनआईए की जांच की मांग उठने लगी है। वहीं, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने घटना पर चिंता जताई है। इसी मामले में भाजपा ने अब जांच की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर एनआईए जांच की मांग की है। वहीं, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि यह एक भयावह घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता को रोकना सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में असफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा। मैं उचित कार्रवाई के लिए अपने सभी संवैधानिक विकल्प सुरक्षित रखता हूं। इस चुनाव पूर्व हिंसा का जल्द अंत होना चाहिए और यह उस अंत की शुरुआत है।'

### कौन है शाहजहां शेख

टीएमसी से जुड़े शाहजहां शेख लंबे समय से राशन डीलर हैं। उन्हें राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है। ईडी अफसरों का मानना है कि नेता के घर की तलाशी लेने पर राशन में हुए भ्रष्टाचार मामले से जुड़े दस्तावेज मिलेंगे। ईडी राशन घोटाले केस की जांच कर रही है

## लांबा महिला कांग्रेस वरुण एनएसयूआई अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अलका लांबा को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने उन्हें महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा कांग्रेस ने वरुण चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का अध्यक्ष बनाया है। वरुण एनएसयूआई के वर्तमान अध्यक्ष नीरज कुंदन की जगह लेंगे। बता दें कि पिछले दिनों एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी ने 5 छात्र नेताओं के इंटरव्यू लिए थे। इनमें राजस्थान से विनोद जाखड़, तेलंगाना से वेंकट और अनुलेखा, दिल्ली से वरुण चौधरी, हरियाणा से विशाल चौधरी के नाम शामिल थे। राहुल गांधी ने जब एनएसयूआई अध्यक्ष पद के लिए इंटरव्यू लिया तब प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद थे।

**ADMISSION ANNOUNCEMENT**

**POST GRADUATE DIPLOMA IN MANAGEMENT (PGDM -ABM, 24th Batch & PGDM-IEV, 2nd Batch)**

CCS NIAM, Jaipur invites applications for admission to the Post Graduate Diploma in Management (Agribusiness Management) and Post Graduate Diploma in Management (Innovation, Entrepreneuership & Venture Development) for batch 2024-26, both courses are approved by AICTE.

The minimum qualification for admission is a Bachelor's Degree in Agriculture of Allied sciences or in any other discipline from University or Institute as recognized by ICAR/UGC. The details of both courses such as eligibility, selection criteria, reservation, application form, admission procedure, and prospectus are placed separately on the institute's website www.ccsniam.gov.in. The candidates who wish to apply for PGDM-ABM/ PGDM-IEV are required to have CAT 2023 or CMAT 2024.

The application form can be filled separately from the website http://www.ccsniam.gov.in. The last date would be 31 March 2024.

Director General
CCS NIAM, Jaipur

cbc 01375/12/0009/2324

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय)
4, विष्णु दिगम्बर मार्ग, नई दिल्ली-110002

**Pt. Deendayal Upadhyaya National Institute for Persons with Physical Disabilities (Divyangjan)**
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan) (Ministry of Social Justice & Empowerment)
**4, Vishnu Digamber Marg, New Delhi-110002**

**VACANCY CIRCULAR**

Pt. Deendayal Upadhyaya National Institute for Persons with Physical Disabilities (Divyangjan) is an autonomous Institute under administrative and financial control of Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan), Ministry of Social Justice and Empowerment, Govt. of India. The Institute invites ONLINE APPLICATIONS for the various posts on Deputation Basis & Direct recruitment basis.

| S. No | Name of the Posts | No. of Posts | Pay Matrix | Mode of Recruitment | Reservation point in case of Direct recruitment |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Administrative Officer | 01 (One) | Pay matrix level-7 | Direct Recruitment Basis | UR |
| 2. | Demonstrator (OT) | 01 (One) | Pay Matrix Level - 6 | Direct Recruitment | UR |
| 3. | Occupational Therapist | 02 (Two) | Pay Matrix Level - 6 | Direct Recruitment | UR-01 OBC-01 |
| 4. | Physiotherapist | 01 (One) | Pay Matrix Level - 6 | Direct Recruitment | EWS |
| 5. | Jr. Caliper Maker cum PO Technician Gr. III | 01 (One) | Pay Matrix Level-2 | Direct Recruitment | EWS |
| 6. | Staff Car Driver | 01 (One) | Pay Matrix Level-2 | Deputation Basis failing which by Direct | UR |
| 7. | Lower Division Clerk | 01 (One) | Pay Matrix Level-2 | Direct Recruitment | ST |
| 8. | Jr. Limb Maker cum PO Technician Gr. III | 01 (One) | Pay Matrix Level-2 | Direct Recruitment | UR |
| | Total | 09 (Nine) | | | |

For detailed advertisement, educational qualifications, experience etc., visit www.iphnewdelhi.in. **The last date for receiving the applications online will be 21 days from the date of publishing the advertisement in Employment Newspaper.**

**(Dr. Jitendra Sharma)**
**Director**

cbc 38103/12/0012/2324

# हिमाचल पहुंचे नड्डा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया



**सोलन/शिमला (भाषा)।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में जीत के बाद शिमला संसदीय क्षेत्र के अपने पहले दौरे पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के स्वागत में शुक्रवार को सोलन के मॉल रोड पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित हुए। एक डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान के साथ कड़ाके की ठंड के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं ने नड्डा पर फूल बरसाए। नड्डा ने यहां रोड शो भी किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओल्ड बस स्टैंड पर रोडशो के खत्म होने पर नड्डा को त्रिशूल भेंट किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल और विधानसभा में विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने सुबह सोलन में नड्डा के पहुंचने पर उनका स्वागत किया था।

# अयोध्या विवाद में पक्षकार रहे इकबाल को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता



**अयोध्या (भाषा)।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में वादी रहे इकबाल अंसारी को शुक्रवार को 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता मिला। उनकी बेटी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमंत्रण पत्र रामपथ के नजदीक कोटिया पंजीटोला स्थित अंसारी के आवास पर प्राप्त हुआ। बेटी शमा परवीन ने कहा कि आज दिन में मेरे पिता को (प्राण प्रतिष्ठा समारोह का) न्योता मिला।''सूत्रों ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। वहीं देश और विदेश से आमंत्रित अतिथियों की संख्या करीब सात हजार है।

## राजस्थान में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा, सीएम के पास गृह विभाग



जयपुर(एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। गृह विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद अपने पास रखा है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्त के साथ छह विभाग दिए हैं। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन के साथ चार विभागों का जिम्मा सौंपा गया हैं। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को कृषि और ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और जन अभाव अभियोग विभाग दिया हैं। 30 दिसंबर को 22 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इनमें 12 कैबिनेट, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्य मंत्री शामिल थे। इसके बाद से विभागों के बंटवारे को लेकर एक्सरसाइज शुरू कर दी गई थी।

## आज उप चुनाव आयुक्तों के साथ आयोग करेगा बैठक

# लोस चुनाव तैयारी को लेकर ईसी कल से राज्यों का दौरा करेगा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग (ईसी) अगले सप्ताह आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के दौरे के साथ लोकसभा चुनाव के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग के अधिकारी सात से 10 जनवरी के बीच आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रहेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ निर्वाचन आयुक्त - अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल भी होंगे। यात्रा से पहले उप




निर्वाचन आयुक्त छह जनवरी को दोनों राज्यों में तैयारियों के बारे में आयोग को जानकारी देंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की निगरानी के लिए उप निर्वाचन आयुक्तों ने लगभग सभी राज्यों का दौरा किया है। निर्वाचन आयोग के लिए विधानसभा या लोकसभा चुनावों से पहले राजनीतिक दलों, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और इसकी जमीनी चुनाव मशीनरी से मिलने के लिए राज्यों का दौरा करना आम बात है। अभी यह निश्चित नहीं है कि निर्वाचन आयोग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगा या नहीं। आयोग उन राज्यों का दौरा नहीं कर सकता है जहां हाल में विधानसभा चुनाव हुए थे। 2019 में लोकसभा चुनाव 10 मार्च को घोषित किए गए और 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में चुनाव आयोजित किए गए थे। मतगणना 23 मई को की गई थी।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | लोहारु निर्वाचन क्षेत्र में 04 आरयूबीएस का निर्माण I) गांव झांझरा टोडा / श्योराण में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 183/0-1 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) II) गांव गोठड़ा में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 181/1-2 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) III) आरई-एसडीएलपी सेक्शन सोहनसरा पर कि.मी. 166/4-5 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) IV) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा चरखी दादरी के तहत भिवानी जिले में गांव ब्राहलु में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 188/0-1 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स)। | 29.12.2023 20.01.2024 | 2653.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | 1. पीएसडी-2 फतेहाबाद के बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों का निर्माण अर्थात 1. रतिया फतेहाबाद रोड से काटा खेड़ी बोसवाल (रोड आईडी 5559) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार, 2. भिरदाना से माजरा (रोड आईडी 9066) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार, 3. अहरेवान से ढाणी रामपुरा (रोड आईडी 5557) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार + 3 कार्य। | 04.01.2024 11.01.2024 | 65.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | पाई रोड से ज्ञानी पुत्र मोलू के खेत (जठेड़ी) तक सुखी ईट रास्ता का निर्माण। | 02.01.2024 09.01.2024 | 7 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 Sdoprpundri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | सचिवालय (बाधनारा) में टॉयलेट बाथरूम का निर्माण। | 04.01.2024 10.01.2024 | 2.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 Sdoprpundri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज बरवाला, पंचकूला | त्रिलोकपुर :- गांव त्रिलोकपुर, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में एससी चौपाल की मरम्मत। | 03.01.2024 09.01.2024 | 3.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in |
| 6 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव मुंडलाना में प्रफुल्ल चक्की से अनाज मण्डी गेट तक नाला का निर्माण + 9 कार्य। | 04.01.2024 11.01.2024 | 79.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव असवारपुर ब्लॉक राई में ठोस कचरा प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) हेतु शैड का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 21.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 preseeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सिटावली, ब्लॉक गन्नौर में धानक चौपाल से डाबरपुर रोड तक आई.पी.बी. का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 201.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 preseeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चटिया औलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.01.2024 | 116.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 preseeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | नवा नगर (पीएस) - गांव नवा नगर ग्राम पंचायत नवा नगर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला की मुस्लिम बस्ती में ड्रेनेज हेतु पाइप बिछाना। | 04.01.2024 10.01.2024 | 3.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला - गांव डामोलिया जी.पी. कंडियाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में मेन रोड पूर्व सरपंच राम राथन से सागर के मकान और राजकुमार के मकान से रोशनी देवी के मकान तक पेवर ब्लॉक बिछाना + 4 कार्य। | 04.01.2024 10.01.2024 | 19.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | I. पूरे सिस्टम की सात वर्ष की वारंटी सहित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम। II. पूरे सिस्टम की सात वर्ष की वारंटी सहित सोलर हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम। | 06.01.2024 05.02.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | I. 21962 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए मुद्रण सामग्री। II. 21962 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए टीचिंग लर्निंग मैटीरियल। | 06.01.2024 05.02.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मद क्र. सं. 1 से 12 मदें निहित सूची (12 मदों का सिंगल लॉट)। | 06.01.2024 06.02.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/280/23988/I/88/6 दि. 05.01.24




## खबर संक्षेप



### इंडोनेशिया में दो ट्रेन की भिड़ंत, 4 लोगों की मौत

**बांडुंग।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शुक्रवार को दो ट्रेन की भिड़ंत होने से कई डिब्बे पलट गए और कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रीय रेलवे 'पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया' के प्रवक्ता आयेप हनापी ने बताया कि यह हादसा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में किकालेंग्का स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर हुआ।

### पाक में कड़ाके की ठंड से टल सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाक में एक बार फिर से आम चुनाव टल गए हैं। इसकी वजह ठंड बताई जा रही है। 8 फरवरी को चुनाव होना था। इससे पहले संसद में चुनाव की तारीख टालने को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया है कि मौसम और सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल चुनाव टाल देने चाहिए। प्रस्ताव के समय 14 ही सांसद मौजूद थे।

### 7 स्टार रैंकिंग में इंदौर सूरत व नवी मुंबई शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के द्वारा जारी की गई जीएफसी सूची में पूरे देश के शहरों की सूची जारी की गई हैं। इसमें सबसे अच्छे शहरों में 7 स्टार के साथ देशभर में सिर्फ तीन शहरों को चुना गया है। इनमें इंदौर, सूरत और नवी मुंबई शामिल हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 23 के परिणाम 11 जनवरी को घोषित होंगे।

## नेपाल: जयशंकर ने अपने समकक्ष सौद से की मुलाकात

# भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए 7.5 करोड़ डॉलर देगा भारत

भाषा ▶▶| काठमांडू

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पिछले साल आए भूकंप से प्रभावित नेपाल के पश्चिमी जिले में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज देगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने यह टिप्पणियां काठमांडू में नेपाल के अपने समकक्ष एन पी सौद के साथ त्रिभवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने के दौरान कीं। ये परियोजनाएं नेपाल में 2015 में आए भूकंप के बाद शुरू की गयी थीं।

जयशंकर 2024 में विदेश की अपनी पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को पिछले साल नवंबर में नेपाल के पश्चिमी हिस्सों में आए भूकंप से हुई तबाही और लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के लोगों और नेतृत्व के प्रति एकजुटता व्यक्त की और हरसंभव सहायता करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

**खास बातें**

- एन पी सौद के साथ त्रिभवन विवि केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया
- जयशंकर 2024 में विदेश की अपनी पहली यात्रा पर गुरुवार को नेपाल पहुंचे

**परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया**



### 2015 में आए भूकंप के बाद कई परियोजनाए शुरू की गई

#### नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली व्यापार समझौता

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय नेपाल यात्रा पर हैं। नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है। विदेश मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति क्षेत्रों में भूकंप के बाद 59 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय की नई इमारत भी शामिल है, जिसे भारत सरकार की अनुदान सहायता से बनाया गया है। सुबह ही डॉ. एस जयशंकर ने यहां पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

#### काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन किए

**विदेश मंत्री ने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया**

**काठमांडू(भाषा )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और दोनों देशों के लोगों की कुशलक्षेम तथा भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की। जयशंकर 2024 में अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे। उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन देश में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करने से पहले सुबह-सुबह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए।



जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे दोनों देशों के लोगों के कुशलक्षेम और भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का एक पौधा भी लगाया। काठमांडू के पूर्वी बाहरी भाग में पवित्र बागमती नदी के किनारे स्थित पशुपतिनाथ नेपाल में सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है।

## यूएस में हरियाणा की फैमिली की मौत में नया खुलासा

# दिवालिया निकालने की अर्जी ठुकराने से कंपनी डूबी, तनाव में बेटी-पत्नी को मारकर सुसाइड की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में रह रहे हरियाणा के एक परिवार की मौत से जुड़े मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। इस परिवार के मुखिया राकेश कमल ने पहले अपनी पत्नी टीना और बेटी एरियाना की गोली मारकर हत्या की और फिर खुद को भी गोली मार ली। मरने वाली टीना करनाल के नामी वकील तेजेंद्रपाल सिंह बेदी की बेटी थी। अमेरिकन मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, राकेश कमल की अमेरिका में एक कंपनी थी जो डूब चुकी थी।

- बैंक राकेश की पूरी प्रोपर्टी कर चुका अटैच, नीलमी की तैयारी में था

### बंदूक किसकी, पता लगाने की कोशिश जारी

अपनी फैमिली के सड़क पर आ जाने के ख्याल से राकेश कमल कई दिनों से तनाव में चल रहे थे। 28 दिसंबर 2023 को उन्होंने पहले अपनी पत्नी टीना और फिर बेटी एरियाना को घर में ही गोली मार दी। पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद राकेश ने खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

### यूएस की मैसाचुसेट्स सिटी में हुई थी वारदात

पुलिस की शुरुआती इन्वेस्टिगेशन के मुताबिक, जिस बंदूक से गोली चली, वो राकेश के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं थी। पुलिस ने उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है। बंदूक के ऑनर के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दूसरी एजेंसियों की मदद ली जा रही है। अमेरिका की की मैसाचुसेट्स सिटी के इसी घर में राकेश कमल अपनी पत्नी टीना और बेटी एरियाना के साथ रहते थे। अमेरिका की की मैसाचुसेट्स सिटी के इसी घर में राकेश कमल अपनी पत्नी टीना और बेटी एरियाना के साथ रहते थे।

राकेश ने इस कंपनी पर बैंक से लोन भी ले रखा था। अपनी रकम की रिकवरी के लिए बैंक राकेश की पूरी प्रॉपर्टी अटैच कर चुका था और उसे नीलाम करने की तैयारी में था। इसी बीच राकेश ने खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए यूएयए गवर्नमेंट के पास एप्लीकेशन लगाई। सरकार ने एप्लीकेशन को स्वीकार नहीं किया।

### इसरो ने 'आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान' को अंतिम गंतव्य कक्षा में पहुंचाने की तैयारी की

**बेंगलुरु(भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए देश के पहले अंतरिक्ष-आधारित मिशन 'आदित्य एल1' यान को शनिवार को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर उसकी अंतिम गंतव्य कक्षा में स्थापित करने की तैयारी कर ली है। इसरो अधिकारियों के अनुसार, अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल 1) के आसपास एक 'हेलो' कक्षा में पहुंचेगा। 'एल1 प्वाइंट' पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है।

## यूएस: एक और हिंदू मंदिर पर हमला खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए

भाषा ▶▶| सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में एक प्रमुख हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद एक बार फिर राज्य के एक और हिंदू मंदिर को खालिस्तान समर्थक नारे लिखकर विरूपित किया गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अज्ञात व्यक्तियों ने बाऊ क्षेत्र के हेवर्ड में 'विजयाज शेरावाली मंदिर' में तोड़फोड़ की। यह घटना न्यूयॉर्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारत विरोधी नारों के साथ तोड़फोड़ की घटना के कुछ सप्ताह बाद हुई है। एचएएफ ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''बे एरिया के एक और हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थक नारों के साथ हमला किया गया। हेवर्ड, सीए में 'विजयाज शेरावाली मंदिर' में तोड़फोड़ की यह घटना स्वामीनारायण मंदिर पर हमले के ठीक दो सप्ताह बाद और उसी क्षेत्र में चोरी की घटना हुई थी।




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हिंदू मंदिरों पर हमलों और भारत विरोधी नारे लिखने की घटनाओं पर नाराजगी जाहिर की

## एनसीसी कैडेट्स युवाओं के लिए आदर्श: उपराष्ट्रपति



नई दिल्ली। शुक्रवार को नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2024 के उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए रेखांकित किया। कैडेट की भावना शाश्वत और अमिट है। धनखड़ ने कहा- एनसीसी कैडेट्स आप राष्ट्र के युवाओं के लिए आदर्श है। कैडेटों से गरिमा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा-2047 तक हमारे भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने के लिए उत्साह, वीरता और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पीयूष गोयल ने कहा**

### यूएई में बनेगा भारत पार्क, विदेश में भारतीय सामानों को देगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** सिंथेटिक और रेयॉन टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय सामानों के लिए एक शोरूम और गोदाम स्थापित किए जाएंगे। नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में लाभों का उपयोग बेहद कम है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देशभर में 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी।

**भारतीय सामानों के लिए बनेंगे शोरूम**

**रेल मंत्री बोले**

### खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

**भुवनेश्वर।** नई लाइन होगी क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास की उत्प्रेरक उन्नत स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा होगी क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ भुवनेश्वर ओडिशा राज्य में रेल संपर्क और समृद्धि को पुन परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के सम्पूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएं दूर हो रही हैं, और परियोजना गति से आगे बढ़ रही है।




## व्यापार समाचार


### सोने में 100 रुपये की गिरावट चांदी 76,900 पर अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 76,900 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'शुक्रवार को सोने में गिरावट जारी रही। विदेशी बाजारों में नरमी के रुझान के बाद दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पर रही।' सोना मामूली गिरावट के साथ 2,040 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 23.03 डॉलर प्रति औंस रही।



### बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 179 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 179 अंक चढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच आईटी, पूंजीगत वस्तुओं और प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान थोड़ी देर फिसला। लेकिन उसके बाद इसमें तेजी से सुधार हुआ और यह अंत में 178.58 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,026.15 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 52.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 21,710.80 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई में 214.11 अंक यानी 0.29 और निफ्टी में 20.6 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट आई।



# भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 % की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। इसी तरह खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी। वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है।

### यूएन ने कहा-2024 में 6.2% की दर से बढ़ने का है अनुमान

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुसार मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25